KKHSOU organises orientation programme on Employment Opportunities and Higher Education

Krishna Kanta Handiqui State Open University (KKHSOU), through its Career Counselling and Placement Cell, organised a *Career Awareness and Orientation Programme on 'Employment Opportunities and Higher Education'* on 30th September , 2026 at the University's Khanapara campus. The programme aimed to familiarise ongoing learners with diverse career opportunities, competitive examinations, employment prospects and avenues for higher education, while providing them with practical guidance for making informed career decisions.

The programme was attended by Prof. Pranab Saikia, Registrar of KKHSOU, Prof. Ranjan Dutta Kalita, Dean (Academic) and Chairperson of the Career Counselling and Placement Cell, Prof. Nripendra Narayan Sarma, Director, Maniram Dewan School of Management, KKHSOU, faculty members and learners from different disciplines. The resource persons were Dr. Rimjhim Baruah Borah, Director, Directorate of Career Advancement, Assam down town University, and Shri Sailen Baishya, a prominent competitive examination mentor, quizmaster and author.

In his welcome address, Prof. Ranjan Dutta Kalita highlighted the significance of career guidance in helping learners identify suitable academic and professional pathways. The programme underscored the need to equip learners with relevant information and guidance to navigate an increasingly diverse and evolving employment landscape.

Prof. Pranab Saikia, Registrar, KKHSOU, addressed the gathering and shared his perspectives on the importance of career awareness and academic advancement.

The first technical session was conducted by Dr. Rimjhim Baruah Borah, who shared her perspectives on career development, employability, higher education and professional advancement. Drawing on her extensive experience in academia, human resource management, corporate engagement and student development, she highlighted various aspects of career planning and the opportunities available to learners.

The second session featured Shri Sailen Baishya, who spoke on competitive examinations and related career opportunities. A well-known quizmaster and author of several books on competitive examinations, he shared insights drawn from his two decades of experience in mentoring aspirants. His session focused on competitive examination preparation and the importance of systematic planning and sustained effort in pursuing career goals.

An interactive question-and-answer session followed the presentations, providing learners with an opportunity to engage directly with the resource persons. Participants raised queries on career prospects, competitive examinations, higher education and professional development. The interaction enabled learners to seek clarification on issues relevant to their academic and career aspirations.

Prof. Nripendra Narayan Sarma, Director, Maniram Dewan School of Management, also addressed the gathering, sharing his views on career development and the importance of academic and professional preparedness.

The programme concluded with a vote of thanks by the Convenor of the Career Counselling and Placement Cell, Dr. Trisha Dowerah Baruah, who expressed gratitude to the University Authority and the resource persons for their contributions. Appreciation was also extended to the Multimedia and IT Cell for its technical support, as well as to the faculty members, officials, organising team and participating learners.

It is worth mentioning here that the event was livestreamed on YouTube as well for the benefit of all. The programme formed part of KKHSOU's continuing efforts to strengthen career counselling and provide its learners with greater exposure to employment opportunities and higher education pathways.

दैनिक पूर्वोदय
सही दिशा, सही खबर

केकेएचएसओयू में रोजगार व उच्च शिक्षा के अवसरों पर अभिमुखीकरण कार्यक्रम

▲ पूर्वोदय संवाददाता

गुवाहाटी, 30 सितंबर। कृष्णकांत संदिकै राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (केकेएचएसओयू) के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की ओर से बुधवार को विश्वविद्यालय के खानापाड़ा परिसर में 'रोजगार के अवसर और उच्च शिक्षा' विषय पर करियर जागरूकता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर विकल्पों तथा उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों की जानकारी देना था।

कार्यक्रम में केकेएचएसओयू के कुलसचिव प्रो. प्रणब सइकिया, अकादमिक डीन एवं करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की अध्यक्ष प्रो. रंजन दत्त कलिता, मणिराम देवान स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. नृपेंद्र नारायण शर्मा सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में असम डाउनटाउन विश्वविद्यालय के निदेशालय करियर एडवांसमेंट की निदेशक डॉ. रिमझिम बरुवा बोरा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के मार्गदर्शक, क्विजमास्टर एवं लेखक शैलेन बैश्य ने संसाधन व्यक्ति के रूप में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

डॉ. रिमझिम ने करियर विकास, रोजगार क्षमता, उच्च शिक्षा और पेशेवर उन्नति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। वहीं शैलेन बैश्य ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, व्यवस्थित अध्ययन और निरंतर प्रयास के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर सत्र में विशेषज्ञों से करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा और पेशेवर विकास से जुड़े सवाल पूछे। कार्यक्रम का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण भी किया गया। करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. त्रिशा दुवरा बरुवा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

प्रातः खबर
सच से समझौता नहीं
October 1, 2026
https://pratahkhabar.com/

केकेएचएसओयू में रोजगार अवसर और उच्च शिक्षा पर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

गुवाहाटी, 30 सितंबर (ख.सं.)। कृष्णकांत हैंडिक राज्य मुक्त विश्वविद्यालय (केकेएचएसओयू) के कैरियर परामर्श एवं रोजगार सहायता केंद्र द्वारा विवि के खानापाड़ा परिसर में रोजगार अवसर और उच्च शिक्षा विषय पर एक कैरियर जागरूकता और मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अध्ययनरत शिक्षार्थियों को आजीविका के विभिन्न अवसरों, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार की संभावनाओं और उच्च शिक्षा के विकल्पों से अवगत कराना था, ताकि वे अपने भविष्य के लिए सही और व्यावहारिक निर्णय ले सकें। कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव प्रो. प्रणब सैकिया, शैक्षणिक अधिष्ठाता एवं कैरियर परामर्श व रोजगार सहायता केंद्र के अध्यक्ष प्रो. रंजन दत्त कलिता, मणिराम देवान प्रबंधन अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. नृपेंद्र नारायण शर्मा, संकाय सदस्य और विभिन्न विषयों के शिक्षार्थी उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञ के रूप में असम डाउन टाउन विश्वविद्यालय की कैरियर प्रगति निदेशालय की निदेशक डॉ. रिमझिम बरुवा बोरा और प्रसिद्ध प्रतियोगी परीक्षा मार्गदर्शक, प्रश्नमंच संचालक व लेखक शैलेन वैश्य ने शिरकत की। स्वागत भाषण में कलिता ने शिक्षार्थियों को उपयुक्त शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्ग चुनने में कैरियर मार्गदर्शन के महत्व को रेखांकित

किया। इसके बाद कुलसचिव ने सभा को संबोधित करते हुए कैरियर के प्रति जागरूकता और शैक्षणिक उन्नति पर अपने विचार साझा किये। सत्र की शुरुआत करते हुए बोरा ने कैरियर विकास, रोजगार क्षमता, उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रगति पर बात की। उन्होंने अपने शैक्षणिक, मानव संसाधन प्रबंधन और कॉर्पोरेट अनुभव के आधार पर छात्रों को कैरियर नियोजन के गुर सिखाए। दूसरे सत्र में शैलेन वैश्य ने प्रतियोगी परीक्षाओं और उससे जुड़े अवसरों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने दो दशकों के अपने अनुभव से छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की व्यवस्थित तैयारी और निरंतर प्रयास का महत्व समझाया। प्रस्तुतियों के बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में शिक्षार्थियों को विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर मिला, जहां उन्होंने अपनी शंकाओं का समाधान किया। इसके साथ ही शर्मा ने भी कैरियर विकास के लिए शैक्षणिक व व्यावसायिक तैयारी पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन कैरियर परामर्श एवं रोजगार सहायता केंद्र की संयोजक डॉ. तृषा दुवरा बरुवा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन, आमंत्रित विशेषज्ञों, तकनीकी सहयोग के लिए मल्टीमीडिया एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ, शिक्षकों और उपस्थित छात्रों का आभार व्यक्त किया। दूर-दराज के शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब पर भी किया गया।

KKHSOU organises career awareness programme

GUWAHATI, Sept 30: Krishna Kanta Handiqui State Open University (KKHSOU), through its Career Counselling and Placement Cell, organised a Career Awareness and Orientation Programme on "Employment Opportunities and Higher Education" at its Khanapara campus on Wednesday.

The programme aimed to familiarise learners with career opportunities, competitive examinations, employment prospects and avenues for higher education, besides providing practical guidance for career planning.

In his welcome address, Prof. Ranjan Dutta Kalita stressed the importance of career guidance in helping learners identify suitable academic and professional pathways. Prof. Pranab Saikia also highlighted the significance of career awareness and academic advancement.

Dr Baruah Borah spoke on career development, employability, higher education and professional advancement, while Baishya discussed competitive examinations, preparation strategies and career opportunities, drawing on his two decades of mentoring experience, stated a press release.